## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रातः 10 बजे के पूर्व एवं सायं 5 बजे के बाद स्कूल नहीं होंगी संचालित

» पूर्व में जारी आदेश में किया गया आंशिक संशोधन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा जिले में शीतलहर, बारिश एवं बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालय के संचालन के समय से संबंधित पूर्व में आदेश जारी किया गया था। जिसके अनुसार 31 दिसम्बर से 11 जनवरी 2020 तक विद्यालय के संचालन का समय प्रातः 8.30 के पूर्व एवं सायं 5 बजे के बाद न करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए विद्यालय संचालन के लिए नये समय निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रातः 10 बजे के पूर्व एवं सायं 5 बजे के बाद विद्यालय संचालित नहीं करने हेतु समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों को आदेशित किया गया है।

### अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्ययों का अंतिम लेखा 30 दिनों के अंदर दाखिल करना अनिवार्य

» व्यय लेखा दाखिल नहीं करने वाले अभ्यर्थियों पर होगी कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा निर्वाचन व्ययों का अंतिम लेखा निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अंदर संबंधित निर्वाचन व्यय संपरीक्षक के पास दाखिल करने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय का दिन-प्रतिदिन का लेखा रजिस्टर (प्रोफार्मा क), प्रोफार्मा क' में दर्ज प्रविष्टियों से संबंधित समस्त मूल व्हाउचर, निर्वाचन व्यय का समस्त विवरण (प्रोफार्मा ख), शपथ पत्र (प्रोफार्मा ग) व दिनांक 24 दिसम्बर 2019 तक की स्थिति का बैंक खाता स्टेटमेंट की जानकारी अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरयुक्त कर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास तय समयावधि के अंदर दाखिल करना अनिवार्य है। अन्यथा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 14-ग, छ.ग.नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ग के अधीन नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

### जिले में पंचायत संवर्ग के पात्र शिक्षकों के संविलियन की प्रारंभिक सूची जारी

»13 जनवरी तक प्रारंभिक सूची के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित

» संबंधित बीईओ कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूची प्रकाशित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिला अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी 2020 को संविलियन होने वाले पंचायत संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम वरिष्ठता सूची जारी कर दी गई है। जिले में रायगढ़ विकासखण्ड से व्याख्याता के 15, सहायक शिक्षक के 07, पुसौर विकासखण्ड से व्याख्याता के लिए 18, शिक्षक के 01 व सहायक शिक्षक के 07, बरमकेला से व्याख्याता के 17, शिक्षक के 03 व सहायक शिक्षक के 04, सारंगढ़ से व्याख्याता के 12, शिक्षक के 06, सहायक शिक्षक के 15, घरघोड़ा विकासखण्ड के व्याख्याता 02, शिक्षक के 01 व सहायक शिक्षक के 02, तमनार से व्याख्याता 06, सहायक शिक्षक 04, खरसिया विकासखण्ड के व्याख्याता 09, शिक्षक 02, सहायक शिक्षक 36, लैलूंगा विकासखण्ड से व्याख्याता के 13, शिक्षक के 02 व सहायक शिक्षक के 12 तथा धरमजयगढ़ विकासखण्ड में व्याख्याता के लिए 10, शिक्षक के 03 व सहायक शिक्षक के लिए 07 अध्यापकों के नाम सूची में शामिल है। इस प्रकार जिले में व्याख्याता के 102, शिक्षक के 18 व सहायक शिक्षक के 94 अध्यापकों सहित संविलियन के लिए कुल 214 लोगों की प्रारंभिक वरिष्ठता सूची जारी की गई है। उक्त सूचियों का प्रकाशन संबंधित विकासखण्ड के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड में किया गया है। सूची से संबंधित दावा-आपत्ति 11 जनवरी 2020 तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते है। जिसका निपटारा कर अंतिम वरिष्ठता सूची 13 जनवरी 2020 तक प्रकाशित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आगामी कार्यवाही के लिए प्रेषित की जानी है।

# जनसहयोग से स्वछता सर्वेक्षण में शहर को मिलेगी बेहतर रैंकिग-नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद

» सर्वेक्षण में सफाई व्यवस्था से जुड़े सवालों के जवाब से तय होगी रैंकिग » स्वछता एप से एक क्लिक में मिलेगी सारी जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़। भारत सरकार के आवासीय और शहरी मामलों के मंत्रालयों द्वारा दुनिया का सबसे बड़ा शहरी सफाई और स्वछता सर्वेक्षण किया जा रहा है। प्रत्येक तिमाही में शहरों की स्वछता आंकने के लिए किया जाने वाले सर्वेक्षण के इस वर्ष के तीसरे चरण के लिए सर्वे 4 जनवरी से प्रारम्भ हो चुके हैं जो 31 जनवरी तक चलेंगे।**



इस दौरान शहरों में सर्वेक्षण टीम पहुंचकर निवासियों से स्वछता के बारे में फीडबैक लेगी। मूलतः शहरों और महानगरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने तथा नागरिक सेवा वितरण में सुधार, स्वछ शहरों का निर्माण और सफाई के प्रति नागरिकों के व्यवहार व सोच में परिवर्तन लाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। सर्वे करने वाली टीम शहर का दौरा कर लोगों से शहर की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में उनकी राय लेगी। जिसके आधार पर स्वछता रैंकिग दी जाएगी। नगर निगम में सभी अधिकारी कर्मचारी स्वछता सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए जुटे हुए हैं। नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि प्रशासनिक पहल के साथ जनसहयोग से स्वछता की इस राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में शहर को बेहतर रैंकिग दिलाने की मुहिम में हम जरूर सफल हो सकते हैं। आयुक्त गुप्ता ने बताया कि शहर सौन्दर्यीकरण के लिए वाल पेंटिंग, पोस्टर आर्ट व स्वछता सर्वेक्षण 2020 से संबंधित चित्रकारी भी करवाई जा रही है जिसमें कला व लोक संस्कृति की झलक भी देखी जा सकती है। डिवाइडरों को पेंट करवाया जा रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में कबाड़ से जुगाड़ वाले छोटे-छोटे पार्क बनवाये जा रहे हैं। जो शहर की सुंदरता बढ़ा रहे हैं। आयुक्त गुप्ता ने बताया कि सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है जिसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने प्रारंभ हो चुके हैं। शहर पहले से अधिक साफ-सुथरा व आकर्षक हुआ है। नगर निगम आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया की सर्वे करने वाली टीम निर्धारित मापदंडों के अनुसार स्वछता के कार्य को परखेगी, जिसमे सबसे पहले डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, वार्ड स्तर पर कचरे का पृथक्करण, सुबह-शाम सड़कों की होने वाली सफाई देखेगी और वार्ड डस्ट बिन फ्री है या नहीं यह भी जांचेगी।

दूसरे और तीसरे मापदंड के तहत पेनाल्टी स्पॉट, गंदगी हटाने की प्रक्रिया और सौंदर्यीकरण का काम देखेगी। उन्होंने सफाई की प्रक्रिया के बारे में बताया कि निगम द्वारा गीला और सूखे कचरे का अलग-अलग उठाव किया जा रहा है, जहां से यह प्रोसेसिंग के लिए एस.एल.आर.एम.सेंटर्स में भेजा जाता है। जहां उसका वैज्ञानिक निपटान होता है। शहर के आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों में सड़क व नाली की नियमित सफाई व सतत् मॉनिटरिंग, दवा का छिड़काव, सामुदायिक शौचालय व ओडीएफ की स्थिति की जांच, स्वछता कर्मियों को सुरक्षा उपकरण का वितरण आदि निगम द्वारा किया जा रहा है।

इसके साथ शहर में प्लास्टिक बैन, यूजर चार्ज निर्माण कार्य के मलबों का बेहतर इस्तेमाल भी हो रहा है। सफाई के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और गन्दगी फैलाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। सर्वे करने वाली टीम लोगों से शहर की सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव, इसके निपटान व उससे जुड़े कार्यक्रमों के संबंध में सवाल करेगी, जिसके जवाब के आधार पर ही शहर की स्वछता सर्वेक्षण में रैंकिंग तय की जाएगी। स्वछता एप डाउनलोड करने से मिलेगी सुविधाओं की एक क्लिक में जानकारी

नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता कहा की स्वछता एप को अधिक से अधिक संख्या में डाउनलोड करने से लोगों को अपने क्षेत्र में निगम से मिलने वाली सर्विसेज और उससे जुडी शिकायत ऑनलाइन कर पाने की सुविधा मिलेगी।

अधिक संख्या में स्वछता एप डाउनलोड होने से शहर को स्वछता रैंकिंग में बेहतर स्थान मिलेगा। अतः अधिकाधिक स्वछता एप डाउनलोड करने की अपील की है, जिसे गूगल प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि उम्मीद करते हैं जनसहयोग से हम शहर को इस सर्वेक्षण में गौरवपूर्ण स्थान दिला सकेंगे।

» ईलाज दौरान अस्पताल में वृद्ध महिला ने तोड़ा दम, दोनों कलयुगी नाती गिरफ्तार

## शराब के लिये पैसे नहीं देने पर नाराज दो नातियों ने नानी से की हाथापाई

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत सिंधी कालोनी पक्की खोली रायगढ में रहने वाली 75 वर्षीय निर्मला सोनी पति स्व. तेजमल सोनी को दिनांक 06.01.2020 के शाम करीब 04:00 बजे उसके दोनों नाती (1) मनोज कुमार गुरू उम्र 36 साल (2) कमलेश कुमार गुरू उम्र 34 साल गाली गलौच कर मारपीट कर रहे थे, जिसे पडोसियों ने जाकर बीच बचाव किया।



घायल वृद्ध महिला को पडोसियों ने ईलाज के लिये शासकीय अस्पताल रायगढ में भर्ती कराये। पडोसी राजेश तलरेजा ने बताया कि उसके दोनों नाती मनोज और कमलेश अक्सर उसकी नानी के साथ झगड़ा मारपीट करते थे। दिनांक 06.01.2020 को भी पैसे मांगकर मारपीट किये और उसे घायल अवस्था में छोड़कर भाग गये थे।

राजेश तलरेजा के रिपोर्ट पर दिनांक 07.01.2020 को आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 10/2020 धारा 294,506,323,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। वृद्ध महिला को मारपीट से आयी अंदरूनी चोटों के कारण आज उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार थे जिन्हें आज दिनांक 08.01.2020 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर प्रकरण में धारा 302 भादंवि जोड़ा गया है, जिन्हें कल न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा जावेगा ।

## जिला जतन शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए आंकलन शिविर आयोजित





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला जतन शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में 6 जनवरी से 8 जनवरी तक दिव्यांगजनो के लिए विशेष आंकलन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 30 दिव्यांगजनों का चिन्हांकिन किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सहायक उपकरण व यूनिक आईडी (दिव्यांग प्रमाण-पत्र)दिए जाने हेतु अनुशंसा के आधार पर आवश्यक उपकरण की सूची वितरण के लिए बनाया गया।

6 जनवरी को विकासखण्ड धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा के और 7 जनवरी को बरमकेला, सारंगढ़, तमनार, 8 जनवरी को रायगढ़, पुसौर, खरसिया विकासखण्ड के दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के जे.के.राठौर, सहायक परियोजना अधिकारी आर.के.चौहान, पीसी चौधरी, प्रेमलाल साहू, सोनू देवांगन, शंकर लाल साहू तथा डॉ.आर.एम. मेश्राम, डॉ.मीना पटेल, डॉ. टोप्पो वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी अर्जुन बेहरा, नेत्र सहायक अधिकारी चन्द्रशेखर साहू उपस्थिति थे।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय शतरंज चयन प्रतियोगिता

» अशोक पटेल बने दूसरी बार विजेता



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6 जनवरी को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में संचानालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर द्वारा कराया गया। उक्त प्रतियोगिता में रायभर से 66 खिलाड़ी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता 6 चक्रों में अंतराष्ट्रीय स्विस लीग पद्धति से खेली गई, जिसमें रायगढ़ के प्रथम अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अशोक पटेल ने 5.5 अंक के साथ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में अशोक पटेल पूर्व में भी विजेता रह चुके है एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके है। प्रतियोगिता में चयनित 6 खिलाड़ी राष्ट्रीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय टीम के लिए अशोक पटेल रायगढ़, एस.आर. जायसवाल, अब्दुल शमीम अम्बिकापुर, टी आर देवांगन महासमुंद, उदित नारायण, देवेश वर्मा, ईश्वर पटेल चयनित हुए। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय ऑर्बिटर रवि कुमार एवं रोहित यादव द्वारा कराई गई।

## विकासखण्ड स्तर पर मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिए आज बरमकेला, सारंगढ़, रायगढ़, धरमजयगढ़, खरसिया, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं पुसौर विकास खण्ड में मतदान अधिकारियों और मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचायत निर्वाचन में मतदाता पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदाता को अलग-अलग रंगों के कुल चार मतपत्र दिया जाएगा ।

मतदान अधिकारियों को बताया गया कि मतदान के बाद मतगणना भी मतदान केन्द्रों में ही किया जाएगा। मतदान दलों को मतदान के एक दिन पूर्व मतदान सामग्री के साथ केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा ताकि अपने संबंधित मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सारी तैयारियां सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में मतदान दलों को बताया गया कि अपने संबंधित मतदान केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में कोई प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए और अभ्यर्थी प्रचार प्रसार नहीं कर सकते हैं। अधिकारियों को मतपेटी की सीलिंग की जानकारी दी गई साथ ही मतदान से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## संवेदना कार्यक्रम में बच्चों को यौन अपराधों के साथ दी जा रही है सेल्फ डिफेंस की सिखलाई





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस व उनके स्टाफ शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिनांक 08.01.20 20 को बरलिया एवं सरस्वती शिशु मंदिर खैरपुर में जाकर महिला व बच्चों पर घटित अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जाने वाले संवेदना कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को यौन अपराधों की जानकारी एवं उनसे बचाव के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में टीआई ग्रेस द्वारा बच्चों को समीप बुलाकर उनकी मनोदशा देखते हुए उनसे छोटे-छोटे प्रश्न पूछ कर उन्हें व्यवहारिक रूप से अच्छे स्पर्श एवं बुरे स्पर्श में भिन्नता को बताई। टीआई ग्रेस द्वारा उन्हें ऐसे हरकतों का विरोध करने तथा किसी लालच में न आकर अपने माता पिता, टीचर्स को बताने के लिए बोली और बताई कि कानून में इन अपराधों के लिये आरोपियों को कठोर सजा मिलता है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को छेड़खानी से बचने के तरीकों का डेमो बच्चों से कराकर बताया गया। छात्र-छात्राओं को सायबर क्राईम की जानकारी देते हुये यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया तथा पुलिस सहायता के लिये हेल्प लाईन नम्बर डॉयल 112, 100,1091,1098 की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम दौरान स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या करीब 550 एवं 33 शिक्षकगण उपस्थित थे।

## 5 साल का बालक मां को खोजते हुए पहुंचा इंदिरा विहार, गुम बालक को राइनों ने पहुंचाया घर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधरनगर राइनो को दिनांक 08.01.2020 को प्रातः 10:20 बजे चाइल्ड अफेंस का इवेंट मिला। इवेंट पर चक्रधरनगर राइनो-2 इंदिरा विहार के पास पहुंची जहां काम करने वाले कुछ लोगों को 5-6 साल का बालक इंदिरा विहार रोड के पास रोते हुए मिला था। राइनो स्टाफ द्वारा बच्चे से नाम पता पूछने पर अपना नाम जयराम वैष्णव कोरियादादर का रहने वाला बताया। बच्चे की घर की जानकारी मिलने पर राइनो स्टाफ आरक्षक ओम प्रकाश पटेल द्वारा बालक को उसके घर जाकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। बालक की मां बताई कि आज सुबह काम करने के लिए घर से निकली थी उसके पीछे-पीछे बालक कब इंदिरा विहार पहुंच गया इन्हें जानकारी नहीं है।



## युवा महोत्सव 2020 सुआ गीत, राउत नाचा, डंडा नाच, पंथी से बनेगा उत्सव का माहौल : छत्तीसगढ़ी पकवानों से महकेगी राजधानी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती के दिन 12 जनवरी से किया जा रहा है। युवा महोत्सव के माध्यम से संपन्न व समृद्ध छत्तीसगढ़ को मंच पर दिखाने का प्रयास किया जाएगा। यहां की परंपरागत पकवान, वेशभूषा, खेल, नृत्य, गीत व तीज त्यौहारों का प्रदर्शन होगा। महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवानों की महक होगी राजधानी रायपुर में। राउत नाचा, सुआ गीत, डंडा नाच, गेड़ी नाच, पंथीनृत्य युवाओं का प्रिय भौंरा, खो-खो, कबड्डी का खेल लोगों मे जोश भर देगा।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480